# INDIAN SCHOOL SALALAH

## SECOND TERM EXAMINATION – FEBRUARY – MARCH 2023

**Class: VIII** **SUBJECT- HINDI SECOND LANGUAGE**

**Time: 3 Hrs.** **कुल प्रश्न: 12 कुल पृष्ठ : 05** **Maximum Marks: 80**

---

**खण्ड - क**

**01. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5x1=5**

कहा जाता है कि यूनान के प्रसिद्ध दार्शनिक सुकरात का मुख बदसूरत था किन्तु उनके विचारों में अत्यधिक सुन्दरता थी। अतः लोग उन्हें बहुत पसंद करते थे। एक बार वे अपने शिष्यों के साथ बैठे हुए थे, तभी वहाँ एक ज्योतिषी आये। वे सुकरात को जानते नहीं थे। उन्होंने सुकरात का चेहरा देखकर बताया कि तुम्हारे नथुनों की बनावट बता रही है कि तुममें क्रोध की भावना अत्यधिक है। यह सुनकर सुकरात के शिष्य नाराज होने लगे किन्तु सुकरात ने उन्हें रोक लिया। ज्योतिषी ने आगे बताया कि तुम्हारे सिर की बनावट तुम्हारे लालची होने का प्रमाण दे रही है। होठों की बनावट से तुम सनकी और देशद्रोह के लिए तैयार प्रतीत होते हो। यह सुनकर सुकरात ने ज्योतिषी को पुरस्कार दिया। सुकरात के शिष्यों ने इसका कारण पूछा तो उन्होंने बताया, कि ज्योतिषी द्वारा बताए गए सारे दुर्गुण मुझमें हैं किन्तु वे मुझमें स्थित विवेक की शक्ति को न देख सके, जिसके कारण मैं इन सभी दुर्गुणों को नियंत्रण में रखता हूँ। इंसान को अपने भीतर स्थित विवेक को जगा कर सदैव दुर्गुणों को काबू में रखना चाहिए।

**i)** सुकरात किस देश के निवासी थे?

**क.** भारत **ख.** ओमान **ग.** यूनान **घ.** अमेरिका

**ii)** ‘बदसूरत’ का अर्थ क्या है**?**

**क.** कुरूप **ख.** खूबसूरत **ग.** सुंदर **घ.** आकर्षक

**iii)** सुकरात के नथुनों को देखकर ज्योतिषी को उनकी किस भावना का पता चला?

**क.** क्रोध **ख.** दया **ग.** प्रेम **घ.** परोपकार

**iv)** ज्योतिषी की बात सुनकर सुकरात ने उसके साथ कैसा बरताव किया?

**क.** दंड दिया **ख.** पुरस्कार दिया **ग.** सज़ा दी **घ.** डाँटा

**v)** सुकरात अपने दुर्गुणों पर कैसे नियंत्रण रखते थे?

**क.** विवेक द्वारा **ख.** परिश्रम द्वारा **ग.** ईमानदारी द्वारा **घ.** धन द्वारा

**02. i) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए-** **2x½=1**

**क.** मानव **ख.** विदेश

**ii) क. 'परिस्थिति'** शब्द में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए- **2x½=1**

**ख. 'भारतीय'** शब्द में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए -

**iii)) निम्नलिखित शब्द के दो-दो पर्यायवाची लिखिए-** **2x½=2**

**क.** फूल **ख.** वस्त्र

**iv) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द-** **2x1=2**

**क.** जिसमें भय न हो **ख.** कभी न भूलने वाला

**v) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए-** **2x1=2**

**क.** जेविन उसके पिताजी का कहना मानता है। **ख.** मैं मेरी माँ से प्रेम करता हूँ।

**vi) समास विग्रह कीजिए-** **2x1=2**

**क.** रात-दिन **ख.** सेनापति

**vii) रेखांकित कारकों का भेद लिखिए-** **2x1=2**

**क.** शिक्षक **<u>छात्रों को</u>** पढ़ा रहे हैं। **ख.** पिताजी **<u>घर से</u> निकले**।

**viii) निर्देशानुसार वाक्य बदलिए-** **3x1=3**

**क.** मैंने एक आदमी को देखा जो बहुत गरीब था। **(सरल वाक्य)**

**ख.** अखिल ने घर आकर भोजन किया। **(संयुक्त वाक्य)**

**ग.** तोता पिंजरे में है और दाल खा रहा है। **(मिश्र वाक्य)**

**03. <u>किसी एक</u> विषय पर अनुच्छेद लिखिए-** **5**

श्रम का महत्त्व, पर्यावरण की रक्षा मानव की सुरक्षा, समय का महत्त्व

**04.** स्थानांतरण प्रमाण पत्र हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। **5**

**<u>अथवा</u>**


अपने इलाके में सार्वजनिक नल लगवाने की प्रार्थना करते हुए नगरपालिका को पत्र लिखिए।

**05.** **'सनसिल्क शैंपू'** बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

**अपने शहर में खुले पिज़्ज़ा कैफ़े के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**06. चित्र देखकर उसका वर्णन 30 से 40 शब्दों में कीजिए- 5**



**खण्ड - ख**

**07. गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिएः- 5x1=5**

सुबह-सुबह सूरज की धूप सेंकने से हमारे शरीर में विटामिन-डी बनता है और हड्डियाँ मज़बूत होती हैं। तेज़ पराबैगनी किरणों को तो ओजोन की परत समतापमंडल (स्ट्रेटोस्फियर) में ही रोक लेती है इसलिए ओजोन की परत को सुरक्षा कवच कहते हैं। प्रचंड पराबैगनी किरणें अगर सीधी धरती पर आ जाएँ तो जीव-जंतु तड़प कर मर जाएँगे और पेड़-पौधे सूख जाएँगे। इससे धरती पर जीवन नष्ट हो जाएगा। जानती हो वैज्ञानिक कई सालों से चेतावनी दे रहे हैं कि ओजोन की परत में छेद हो रहा है। यह परत कमजोर पड़ रही है। इसके कारण तेज़ पराबैंगनी किरणें पृथ्वी पर पड़ेंगी। उनसे लोगों को चमड़ी का कैंसर हो सकता है इसलिए वे कह रहे हैं कि इस परत को बचाओ। सुरक्षा कवच को मजबूत करो। इस परत को कमज़ोर करने वाले रसायनों को रोको। रसायन पढ़कर तुम ज़रूर चौंक जाओगी। सोचोगी कि आखिर यह कौन-से रसायन हैं? यह भी बता रहा हूँ, इन रसायनों को कहते हैं- 'क्लोरोफ्लोरोकार्बन'।

**i) ओज़ोन कहाँ पाई जाती है?**

**क.** चंद्रमा के अंदर **ख.** पृथ्वी की सतह पर **ग.** सूर्य के ऊपर **घ.** स्ट्रेटोस्फियर में

**ii) सुबह- सुबह सूरज की धूप सेंकने से हमारे शरीर में क्या बनता है?**

**क.** विटामिन सी **ख.** विटामिन-ए **ग.** विटामिन-डी **घ.** विटामिन-के

**iii) पराबैंगनी किरणों के सीधे धरती पर आने का क्या प्रभाव होगा -**

**क.** जीव-जंतु मर जाएँगे **ख.** पेड़ बढ़ने लगेंगे **ग.** खेती अच्छी होगी **घ.** प्रकृति फलेगी फूलेगी

**iv) सुरक्षा कवच किसे कहा गया है -**

**क.** सूर्य की किरणों को **ख.** इंडिया गेट को

**ग.** ओजोन की परत को **घ.** बुलट प्रूफ जैकेट को

**v) सुरक्षा कवच को कमजोर करने वाले रसायन का नाम क्या है?**

**क.** सी.एम.सी. **ख.** जी.एच.सी. **ग.** जी.एस.टी. **घ.** सी.एफ.सी.

**08. काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए-** **5x1=5**

चंद्रलोक और अंतरिक्ष में
मानव ने किया पदार्पण
छिन्न हुए लो, देश-काल के
दुर्जय बाधा-बंधन।
दिग्विजयी मनु-सुत निश्चय
कितना महत्त्वपूर्ण यह क्षण,
भेद-भाव विरोध शांत कर
निकट आएँ सब देशों के जन।

**i) मानव ने किन बंधनों को तोड़ा है -**

**क.** भेदभाव और ईर्ष्या **ख.** देश-काल

**ग.** ईमानदारी और ईर्ष्या **घ** भाईचारा और परोपकार

**ii) आज मानव ने कहाँ प्रवेश कर लिया है?**

**क.** आकाश और पाताल **ख.** धरती **ग.** चंद्रलोक व अंतरिक्ष **घ.** घर

**iii) कवि ने सभी देशों के लोगों को निकट लाने का क्या उपाय बताया है?**

**क.** अंतरिक्ष में जाना **ख.** भेद-भाव विरोध मिटाना **ग.** भेद-भाव बढ़ाना **घ.** पेड़ लगाना

**iv) कवि इस कविता के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं?**

**क. सब** अंतरिक्ष में रहे **ख.** विज्ञान का प्रयोग मानव हित में हो

**ग.** भेद-भाव बढ़ाए **घ.** युद्ध करे

**v) कविता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या है?**

**क.** मनुष्य का मंगल में प्रवेश **ख.** अणुशक्ति का विकास

**ग.** मनुष्य का चाँद में प्रवेश **घ.** कोरोना वैरेस पर विजय

**09. 'मेरा नया बचपन' अथवा 'मानवता ही विश्व सत्य'** कविता का सारांश लिखिए। **5**

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए- 4x2=8**

**क**) कवयित्री ने बचपन को अतुलित आनंद देने वाला क्यों कहा है?

**ख**) विदेशों में भारतीय संस्कृति की लौ कैसे पहुँची?

**ग)** अमर ज्योति के बच्चों को मुख्य धारा से जुड़ने में कठिनाई क्यों नहीं होती?

**घ)** ओजोन परत कमजोर कैसे पड़ रही हैं?

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- 4x3=12**

**क)** कवयित्री का बच्ची बन जाने का क्या अर्थ है?

**ख)** मानव के लिए कौन-से क्षण को महत्त्वपूर्ण कहा जा रहा है और क्यों?

**ग)** गिरमिटिया का क्या अर्थ है? ये लोग कौन थे?

**घ)** अमर ज्योति संस्था में छात्रों को आत्मनिर्भर होने के लिए कौन-कौन से कार्य सिखाए जाते हैं?

**12. सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1+2+2=5**

**क)** भोजन की थाली हमें एकता के सूत्र में कैसे बाँध कर रख सकती है?

**ख)** पश्चिम भारतीय खाने में टमाटर, नीबू, चीनी आदि का अधिक प्रयोग क्यों होता है?

**ग)** उत्तर और दक्षिण भारतीय शैली में अंतर स्पष्ट कीजिए।

((((((()))))))